आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 09.03.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। कहा – पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है।
- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज केंद्रीय बजट पर चर्चा और महत्वपूर्ण विपक्षी गतिविधियों के साथ शुरू हुआ।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण के साथ आज गैरसैंण के भराड़ीसैंण में बजट सत्र की शुरू।
- उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना।

बजट/वेबीनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'सबका साथ सबका विकास–जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश निवारक और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में काम कर रहा है और कई जिलों में सैकड़ों नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर के माध्यम से पूरे देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, वहीं योग और आयुर्वेद की भारतीय परंपराएं विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रही हैं।

संसद बजट सत्र

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज केंद्रीय बजट पर चर्चा और महत्वपूर्ण विपक्षी गतिविधियों के साथ शुरू हुआ। यह चरण अगले महीने की दो तारीख तक चलेगा। लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। कांग्रेस के तीन सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और मल्लु रवि यह प्रस्ताव रखेंगे। यदि आज लोकसभा में इस प्रस्ताव पर चर्चा होती है, तो श्री ओम बिरला सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के साथ बैठेंगे।

बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष को हटाने संबंधी नोटिस, लोकसभा महासचिव को दिया था। नोटिस में विपक्ष ने श्री बिरला पर सदन में भेदभाव करने का आरोप लगाया था। इस नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वाम दलों और अन्य दलों के कुल 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस इसमें शामिल नहीं है। भाजपा और कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए, व्हिप जारी किया है, जिसमें उन्हें मंगलवार तक सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।

उत्तराखंड बजट सत्र

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण के साथ आज गैरसैंण के भराड़ीसैंण में बजट सत्र की शुरूआत हो गई है। राज्यपाल ने अभिभाषण की शुरूआत में राज्य आंदोनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरकार विकसित और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प से कार्य कर रही है। यह कालखंड आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण एवं अवस्थापना संरचना की दृष्टि से स्वर्णिम काल है।

राज्यपाल के अभिभाषण के बाद अपराह्न में सदन में बजट पेश किया जाएगा। वहीं सत्र से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आने वाले बजट उत्तराखंड की आशाओं के अनुकुल होगा।

मौसम

उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और चमोली जिलों के ऊपरी क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। इससे पर्वतीय इलाकों में ठंडक बनी रहेगी। चारधाम क्षेत्र की बात करें तो बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में लगातार बर्फबारी होने से तापमान माइनस 10

डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। तेज हवाओं के साथ हो रही बर्फबारी से पहाड़ों में ठंड और बढ़ सकती है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ सीएस तोमर ने बताया कि इस बदलाव से कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिल सकती है।

सैन्य अभ्यास

अल्मोड़ा जिले के चौबटिया में भारत–जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्मा गार्जियन का सातवां संस्करण 24 फरवरी से 08 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। वर्ष 2018 से भारत और जापान में बारी–बारी से आयोजित होने वाला यह वार्षिक अभ्यास भारत–जापान रक्षा सहयोग का महत्वपूर्ण हिस्सा है। साझा सुरक्षा चुनौतियों और वैश्विक आतंकवाद के बदलते स्वरूप को देखते हुए इसका महत्व और बढ़ गया है। संयुक्त सैन्य अभ्यास ने भारत–जापान के बीच गहराते सामरिक संबंधों को और सुदृढ़ किया और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और उन्नत रक्षा सहयोग के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के जवानों ने एक साथ प्रशिक्षण लेकर पारस्परिक संचालन क्षमता और संयुक्त अभियान दक्षता को सशक्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य काउंटर इंसर्जेंसी और काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन, शहरी युद्धकौशल और जटिल भूभाग में युद्धाभ्यास पर रहा।